**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–वंचित और बेसहारा बच्चों की शिक्षा के लिए हर संभव सहायता देगी सरकार।

- प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनाव संपन्न होने के बाद अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के चयन के लिए बढ़ी सरगर्मियां।

- प्रदेश विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह ने कहा–बीते एक वर्ष में विश्वविद्यालय में शोध क्षेत्र में हुआ बेहतरीन काम।

  और

- प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी से मिलती रहेगी राहत, मौसम विभाग का चार और पांच जून को अधिकांश स्थानों पर वर्षा और अंधड़ का येलो अलर्ट।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार वंचित और बेसहारा बच्चों की शिक्षा के लिए चलाए जा रहे टोंगलेन ट्रस्ट को हरसंभव सहायता देगी। मुख्यमंत्री ने उनसे मिलने आए ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रस्ट के तहत पढ़ रहे 14 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को हर महीने एक हजार रूपये और 14 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को 2500 रूपये हर महीने वितीय सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने वंचित और जरूरतमंद बच्चों के कल्याण के लिए ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयासों की सराहना की और कहा कि शिक्षा और मानवीय सेवा के क्षेत्र में इस प्रकार की पहल समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ट्रस्ट के निदेशक थेरचिन ग्याल्तसेन ने किया। ट्रस्ट सरकार से विद्यालय के लिए भूमि पट्टे पर देने की मांग कर रहा है।

**स्पीति बीडीसी चुनाव**

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय शहरी निकायों के चुनाव संपन्न हो जाने के बाद अब इन संस्थाओं में अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के पदों पर तैनाती को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति के स्पीति पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पद के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। अधिक जानकारी के साथ हमारे लाहौल–स्पीति संवाददाता की ये रिपोर्ट–

**सिरमौर जिला परिषद**

सिरमौर जिला परिषद के लिए मतगणना बीती देर रात संपन्न हो गई। जिला परिषद के चुनाव परिणामों में 17 में से 13 वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी रहे हैं। कांग्रेस समर्थक सिर्फ 3 उम्मीदवार जीते हैं, जबकि एक वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता की एक रिपोर्ट–

**कांगड़ा चुनाव**

कांगड़ा जिला परिषद के चुनाव के सभी नतीजे आ जाने के बाद अब राजनीतिक तस्वीर साफ हो गई है। जिले के कुल 54 वार्डों में से 24 में भाजपा समर्थित, 13 में कांग्रेस समर्थित और 17 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे हैं। ऐसे में अब निर्दलीय उम्मीदवारों की जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है और दोनों प्रमुख दल राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस इन्हें अपने–अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं।

**डीसी कुल्लू**

जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने कहा है कि जिला परिषद वार्ड जरड़भुट्टी और धाउगी की मतगणना में कोई भी गंभीर अनियमितता नहीं पाई गई है। उपायुक्त ने इन दोनों वार्डों में कथित अनियमितताओं की शिकायत लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायत के संबंध में सभी तथ्यों और परिस्थितियों का विधिसम्मत परीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित वार्डों के चुनाव परिणाम विधिवत घोषित किए जा चुके हैं और मौजूदा परिस्थितियों में परिणामों के संबंध में कोई भी प्रशासनिक हस्तक्षेप निर्वाचन नियमों के अनुरूप संभव नहीं है। उन्होंने लोगों से लोकतांत्रिक संस्थाओं और निर्वाचन प्रक्रिया में विश्वास बनाए रखने का आग्रह किया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता और जनविश्वास को बनाए रखना है। इसके लिए सभी कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से किए जाएंगे।

**कुलपति**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह ने कहा है कि बीते एक वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय में शोध के क्षेत्र में बेहतरीन काम हुआ है और आधारभूत ढांचे के साथ–साथ शोधपत्रों की गुणवता में सुधार आया है। कुलपति के रूप में अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के अवसर पर महावीर सिंह ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 5 सालों में विश्वविद्यालय में भर्ती और पदोन्नति प्रक्रिया में भाई–भतीजावाद के संकेत मिले हैं। महावीर सिंह ने कहा कि उन्होंने कुलपति बनने के एक साल के दौरान पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर दिया है। कुलपति ने कहा कि उन्होंने अपने किसी भी रिश्तेदार को विश्वविद्यालय में भर्ती नहीं किया है।

**नशा निवारण अभियान**

प्रदेश में नशे के खिलाफ सरकार द्वारा चलाया जा रहा अभियान लगातार जोर पकड़ रहा है। इसी दिशा में मंडी जिला में लोगों खासकर युवाओं को नशे से दूर रखने और इस पर अंकुश लगाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता गतिविधियां चलाने पर जोर दिया जा रहा है। अधिक जानकारी के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता–

डिस्पैच–मुनीश –48 सैकंड

**डीसी चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने जिला के सभी लोगों से जनगणना 2027 में सक्रिय सहयोग देने और प्रगणकों को सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने की अपील की है। उपायुक्त ने अधिक से अधिक लोगों से स्वगणना सुविधा का उपयोग कर जनगणना प्रक्रिया को सरल, तेज व प्रभावी बनाने का भी आग्रह किया। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना 2027 की प्रक्रिया पहली जून से आरंभ हो गई है और इसमें आधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक से 15 जून तक नागरिक जनगणना 2027 की आधिकारिक बैबसाइट पर जाकर स्वजनगणना में हिस्सा ले सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी नागरिक द्वारा उपलब्ध करवाई गई समस्त जानकारी पूर्णतः सुरक्षित और गोपनीय होगी। उन्होंने ये भी कहा कि जनगणना किसी भी देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है और सरकार जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही विकास योजनाओं, नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों का निर्माण करती है।

**मौसम**

प्रदेशवासियों को आने वाले दिनों में भीषण गर्मी से राहत मिलती रहेगी। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों में कहा गया है कि आगामी सात जून तक प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने चार और पांच जून को राज्य में अधिकांश स्थानों पर वर्षा होने और अधिक उंचाई वाले कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी की संभावना भी जताई है। विभाग के अनुसार राज्य में पिछले कुछ दिनों से हो रही वर्षा, ओलावृष्टि और अंधड़ जैसी गतिविधियों से अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। इस बीच आज प्रदेश में सुबह से ही अधिकांश स्थानों पर धूप खिली हुई है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने जिला परिषद चुनाव के नतीजों से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**जिला परिषद में भाजपा का दबदबा, आठ जिलों में बहुमत, दो में कांग्रेस आगे, दो में अन्य के हाथ चाबी।** पंजाब केसरी के शब्द हैं–**चंबा को छोड़ अधिकांश जिलों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों का दबदबा।** दैनिक जागरण का शीर्षक है–**आठ जिला परिषदों में खिला कमल– 57 पर कांग्रेस, 144 पर भाजपा व 47 सीटों पर अन्य ने जीत की हासिल।** हिमाचल दस्तक के मुताबिक–**निर्दलीय तय करेंगे जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष।**

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–**केके पंत हिमाचल के नए मुख्य सचिव–संजय गुप्ता की तरह अतिरिक्त कार्यभार मिला, विभाग भी संभालेंगे।** मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं–**प्रदेश में 3 से 6 जून तक तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—वंचित और बेसहारा बच्चों की शिक्षा के लिए हर संभव सहायता देगी सरकार।

- प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनाव संपन्न होने के बाद अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के चयन के लिए बढ़ी सरगर्मियां।

- प्रदेश विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह ने कहा—बीते एक वर्ष में विश्वविद्यालय में शोध क्षेत्र में हुआ बेहतरीन काम।

  और

- प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी से मिलती रहेगी राहत, मौसम विभाग का चार और पांच जून को अधिकांश स्थानों पर वर्षा और अंधड़ का येलो अलर्ट।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे, नमस्कार।**